हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 11जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

हरियाणा और बिहार के बीच अंतरराज्यीय बस सेवाओं के संचालन के लिए आज द्विपक्षीय बस परिचालन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।समझौते पर हरियाणा सरकार की ओर से परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुनडरु तथा बिहार सरकार की ओर से राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसन ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर हरियाणा के परिवहन आयुक्त अतुल कुमार तथा बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।

समझौते के तहत दोनों राज्यों के बीच नियमित बस सेवाओं का संचालन किया जाएगा, जिससे यात्रियों को किफायती दरों पर सुरक्षित, आरामदायक एवं गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

हमारे संवाददाता अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया है कि हरियाणा के गुरुग्राम, अंबाला, सोनीपत, पानीपत सहित अन्य निर्धारित शहरों से बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के छह प्रमंडलों पटना, पूर्णिया, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा एवं भागलपुर के लिए आधुनिक वातानुकूलित बसों का नियमित परिचालन किया जाएगा। बसों का संचालन निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार होगा जिससे यात्रियों को समयबद्ध परिवहन सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

---

हरियाणा के शिकोहपुर में एक भूमि सौदे से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने कल व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा और अन्य के खिलाफ अपनी स्थिति रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में विशेष अदालत को सौंप दी।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ यह जांच गुरुग्राम जिले के मानेसर-शिकोहपुर में एक भूमि सौदे से जुड़ी है। प्रवर्तन निदेशालय ने विशेष न्यायाधीश सुशांत चांगोत्रा को सूचित किया कि मामले में मैसर्स डीएलएफ की भूमिका को लेकर आगे की जांच की जा रही है। अदालत ने आगे की सुनवाई के लिए 21 अगस्त की तारीख तय की है।

इससे पहले मई में, वाड्रा ने बिना शर्त दिल्ली उच्च न्यायालय में अपनी याचिका वापस ले ली थी जिसमें विशेष सीबीआई अदालत के उन्हें तलब करने वाले आदेश को चुनौती दी गई थी।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कल पिंजौर स्थित यादविंद्रा गार्डन में 33वें आम मेले का उद्घाटन किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला किसान की मेहनत का प्रमाण है।

इस बार मेले में हरियाणा समेत पांच राज्यों, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के आम उत्पादक शामिल हुए हैं। ये सभी आम उत्पादक अपने-अपने आम की छोटी-बड़ी 200 से अधिक किस्में लेकर पहुंचे हैं।

मेले के पहले दिन हरियाणवी गायक और सांस्कृतिक नृत्यों ने मेले में पहुंचे लोगों का मनोरंजन किया।

---

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक  गुलाब चंद कटारिया ने कल चंडीगढ़ के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रमों में भाग लेकर वन महोत्सव  का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और शहर की हरित क्षेत्र बढ़ाने के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। अभियान के तहत राज्यपाल ने सभी स्थानों पर स्वयं पौधे लगाए और नागरिकों से भी पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

प्रशासक ने डड्डू माजरा डंपिंग ग्राउंड में पौधारोपण अभियान का भी औपचारिक उद्घाटन किया, जहां उन्होंने वन एवं वन्यजीव विभाग की हरित चंडीगढ़ कार्य योजना  G -CAP की पुस्तिका जारी की। उन्होंने 'वन विभाग आपके द्वार' पहल के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित करने वाले तीन वाहनों को हरी झंडी दिखाई तथा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम N-CAP के अंतर्गत तैनात  जल छिड़काव मशीन, जेटिंग मशीन और अन्य उपकरणों से युक्त 11 वाहनों को भी रवाना किया।

प्रशासक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में  धरती को मां  माना गया है। इसलिए धरती की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने और प्रकृति का संरक्षण करने का आह्वान किया।

---

हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी संजय दत्त ने कल चंडीगढ़ में पार्टी के सभी अग्र संगठनों, विभागों और प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान हरियाणा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।बैठक में संजय दत्त ने हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष को महिला कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजनीति और समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ना महिला कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष पूनम चौहान से भी चर्चा की और सेवादल कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह भरने तथा संगठन को गांव-गांव तक सक्रिय करने का आह्वान किया।

---